# संकट हरने को बैठे हैं बालाजी महाराज | By Sumitra Rana |

देखो सजा है दरबार
लम्बी लम्बी है कतार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

भूत पिशाच हैं तेरे खिलौने
कटते हैं सब जादू टोने
मेहंदीपुर है ऐसा द्वार
बाबा तेरी जय जयकार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

देखो सजा है दरबार
लम्बी लम्बी है कतार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

तन मन की यहाँ पीड़ा मिटती
रोग शोक से मुक्ति है मिलती
करो विनती बारम्बार
करो मेरा भी उद्धार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

देखो सजा है दरबार
लम्बी लम्बी है कतार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

संकट में है जिसने पुकारा
तूने दिया है उसको सहारा
सागर जैसा ये संसार
चलती नैया बिन पतवार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

देखो सजा है दरबार
लम्बी लम्बी है कतार
संकट हरने को बैठे
हैं बालाजी महाराज

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%9f-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a5%88%e0%a4%a0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be/